12

# समझौता ज्ञापन(MoU)

# शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

## तथा

# जिला अस्पताल,अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**उद्देश्य-**

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के मध्य विशेषज्ञताओं का आदान प्रदान करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य तथा जागरूकता के क्षेत्र में साझा सहयोग विकसित करना है।

**सहयोग के क्षेत्र-**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार (MoHFW) द्वारा घोषित प्रमुख दिवसों के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन दोनों संस्थानों द्वारा सम्मिलित रूप में किया जा सकेगा।

महाविद्यालय तथा जिला अस्पताल अनूपपुर के मध्य फैमिली हेल्थ सर्वे, तथा राज्य व केंद्र प्रायोजित अन्य योजनाओं की प्रभावशीलता का अध्ययन करने हेतु आंकड़ों तथा शोधविधि (Methodology) को साझा करना।

महाविद्यालय तथाजिला अस्पताल अनूपपुर के दायरे (Catchment Area) में आने वाली नगर पालिका तथा महाविद्यालय द्वारा लिए गए गोद ग्राम में स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी जागरूकता के लिए साझा आयोजन करना।

किशोरों, किशोरियों तथा युवा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष कैम्प का आयोजन करना।

**सहयोग का प्रकार-**

महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक महीने में एक दिन एक निश्चित समयावधि के लिए एक स्वास्थ्य विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

चिकित्सा विशेषज्ञों के सुझाव पर महाविद्यालय परिसर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य कक्ष का निर्माण किया जाएगा।

महाविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को साझीदार बनाया जाएगा।

**वित्तीय दायित्व-**

किसी भी कार्यक्रम/आयोजन के प्रस्ताव के समय ही वित्तीय दायित्वों के निर्धारण के बारे में विचार कर लिया जाएगा। दोनों संस्थानों द्वारा किया जाने वाला वित्तीय सहयोग पूर्णतया स्वैच्छिक होगा तथा यह किसी भी प्रकार से दूसरे पक्ष पर बाध्यकारी नहीं होगा।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**अवधि-**

दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित होने के दिन से यह समझौता ज्ञापन पाँच वर्षों की अवधि के लिए किया जा रहा है। इसके पूर्व यह किसी भी पक्ष द्वारा तीस दिन की पूर्व सूचना द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

**समन्वयक-**

दोनों पक्ष अपने अपने संस्थान से एक समन्वयक नामित करेंगे जो इस समझौता ज्ञापन के पहलुओं को लागू करने के बारे में उत्तरदायी होगा।

**बौद्धिक संपदा अधिकार-**

दोनों संस्थानों के साझा सहयोग से प्राप्त बौद्धिक संपदा पर दोनों संस्थानों का साझा अधिकार रहेगा।

**हस्ताक्षर-**

यह समझौता ज्ञापन जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य के मध्य वार्ता के उपरांत दिनांक ............. को हस्ताक्षरित किया गया है।

प्रो0 विक्रम सिंह बघेल
(प्राचार्य)
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
अनूपपुर (म.प्र.)

प्राचार्य
शासकीय तुलसी स्नातक महाविद्यालय
अनूपपुर जिला–अनूपपुर (म.प्र.)

डॉ एस.सी. राय 28/11/2?
(मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी)
जिला अस्पताल अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# प्रतिवेदन

( निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर )

आज दिनांक 23/06/2023 दिन शुक्रवार को शासकीय तुलसी महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय के सहयोग एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया | इस शिविर का आयोजन प्राच डॉ जे के संत की अध्यक्षता में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.पी. सोनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजि किया गया | कार्यक्रम में 230 विद्यार्थियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं 11 विद्यार्थियों ने रक्तदान किय कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एन.सी.सी. एवं स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदश योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में एवं महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समन्वय आयोजित किया गया |

संलग्न – कार्यक्रम के छायाचित्र एवं समाचारपत्रों की कतरनें |



अनूपपुर के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर पी सोनी एवं प्राचार्य डॉ. जे के संत

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना, अनूपपुर

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

भूमिका भास्कर
www.bhumikabhaskar.com
E-Paper
सोमवार, 26 जून 2023

# तुलसी महाविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर आयोजित




**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**

23 जून 2023 को शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला चिकित्सालय अनूपपुर के सहयोग से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. संत ने इस एकदिवसीय शिविर का शुभारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. पी. सोनी ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान जीवनदान के समान है। स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के 230 से अधिक छात्र/ छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 11 यूनिट ब्लड विद्यार्थियो के द्वारा डोनेट किया गया। शिविर का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) , स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, और एन. सी. सी. तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं प्रो. विनोद कुमार कोल का विशेष योगदान रहा।

जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना, अनूपपुर

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)









जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना, अनूपपुर

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)







PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना, अनूपपुर

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)